nandgaon times june-14-1.qxd 6/14/2025 12:01 AM Page 1

कबीर जयंती पर सात्विक यज्ञ चौका... पृष्ठ 2 | सोराईसिस एवं कैंसर जैसे असाध्य... पृष्ठ 3

# नांदगांव टाइम्स




नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।

।। जय श्री जलाराम ।।

श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर

उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।

ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।

मो: 98274-61508, 83192-88559


शनिवार, 14 जून 2025, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 49, अंक 234, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए

## बस्तर में बदल रही तस्वीर, नक्सल हिंसा की जगह अब छाई खुशियां

### मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना से आत्मसमर्पित नक्सलियों और नक्सल पीड़ितों की नई जिंदगी की शुरुआत


**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग में, जहां कभी गोलियों की गूज सुनाई देती थीं, वहां अब हर जगह खुशी और उल्लास की गूंज सुनाई देती है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के सुशासन और छत्तीसगढ़ सरकार की नक्सल पुनर्वास नीति व नियद नेल्लानार योजना के प्रभाव से माओवादी हिंसा का रास्ता छोड़कर मुख्यधारा में लौटे युवक-युवतियों और नक्सल पीड़ितों ने नई जिंदगी की शुरुआत की है। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत बस्तर संभाग में आयोजित सामूहिक विवाह समारोह इस बदलाव के साक्षी बने हैं।



सुकमा के मिनी स्टेडियम में 13 जनवरी 2025 को मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की उपस्थिति में दो आत्मसमर्पित नक्सली जोड़ों मौसम महेश-हेमला मुन्नी और मड़कम पाण्डू-रव्वा भीमे ने वैदिक रीति-रिवाजों के साथ विवाह रचाया। ये चारों जून 2024 में नक्सल संगठन छोड़कर आत्मसमर्पण कर चुके थे। मुख्यमंत्री ने नवदंपतियों को आशीर्वाद देते हुए उनके सुखमय जीवन की कामना की। इस अवसर पर श्री साय ने सुकमा जिले को 206 करोड़ रुपये के विकास कार्यों की सौगात भी दी। नवदंपतियों ने बताया कि छत्तीसगढ़ सरकार की जनहितैषी नीतियों और पुनर्वास योजनाओं ने उन्हें हिंसा का रास्ता छोड़कर शांति और विकास की राह अपनाने के लिए प्रेरित किया।

दंतेवाड़ा के मेंढका डोबरा में मंदिर परिसर में 20 दिसंबर 2024 को मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत 220 जोड़ों ने परिणय सूत्र में बंधकर गृहस्थ जीवन शुरू किया। इनमें पूवर्ती गांव की एक नक्सल पीड़िता और वहां तैनात जवान का जोड़ा भी शामिल था। पूवर्ती, जो कभी खूंखार नक्सली हिड़मा और देवा का गढ़ था, अब सरकार की योजनाओं और सुरक्षा बलों की मौजूदगी से भयमुक्त होकर खुशहाली की ओर अग्रसर है। नियद नेल्लानार योजना के तहत धुरली गांव के दो जोड़ों सीमा भास्कर-रमेश भास्कर और सुंदरी तेलाम-धन्नु कुंजाम ने भी विवाह रचाया। सभी नवदंपतियों के बैंक खातों में 35 हजार रुपये की राशि हस्तांतरित की गई। महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े के मार्गदर्शन में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना ने बस्तर के निर्धन परिवारों को नया जीवन दिया है। योजना के तहत प्रत्येक जोड़े को 50 हजार रुपये की सहायता दी जाती है, जिसमें 35 हजार रुपये सीधे वधु के खाते में हस्तांतरित होते हैं। श्री विष्णु देव साय सरकार के कार्यकाल में अब तक 15 हजार से अधिक जोड़ों का विवाह इस योजना के तहत संपन्न हो चुका है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार की नक्सल विरोधी कार्रवाइयों और कल्याणकारी योजनाओं ने बस्तर के ग्रामीणों का हौसला बढ़ाया है। आत्मसमर्पित नक्सलियों को रोजगार, आवास और आर्थिक सहायता के माध्यम से सम्मानजनक जीवन जीने का अवसर मिल रहा है। बस्तर संभाग के इन विवाह समारोहों ने साबित कर दिया कि प्यार, विश्वास और सहानुभूति से हिंसा और नफरत को हराया जा सकता है। बस्तर अब नक्सलवाद के अंधेरे से निकलकर शांति, प्रेम और विकास की रोशनी में चमक रहा है।

## लोकनाट्य उत्सव 14 एवं 15 जून को




**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** नगर पालिक निगम के तत्वावधान में पूर्व सांसद, पूर्व महापौर और वर्तमान महापौर मधुसूदन यादव के विशेष सहयोग से पुरखौती परंपरा संग नवागत पीढ़ी के भेंट के उदिम रंगसरोवर की प्रस्तुति लोकनाट्य उत्सव दिनांक 14 एवं 15 जून 2025 को गोविन्द राम निर्मलकर ऑडिटोरियम में आयोजित होगा। झभरथरी आलेख, गीत, संगीत एवं निर्देशन भूपेन्द्र साहू की होगी। उक्त जानकारी देते हुए लोक गायक सुनील बंसोड़ ने लोगों को बड़ी संख्या में कार्यक्रम में उपस्थित की अपील की है।

<u>कुमरदा में किया गया राजस्व शिविर का आयोजन</u>

## कलेक्टर ने राजस्व शिविर में आमजनों की सुनी समस्याएं, प्रकरणों का तत्परता एवं संवेदनशीलतापूर्वक निराकरण करने के दिए निर्देश

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जनसामान्य की समस्याओं का निराकरण करने तथा उन्हें तत्काल सुविधा उपलब्ध कराने के लिए जिला प्रशासन द्वारा जिले के सभी तहसील कार्यालय में राजस्व शिविर का आयोजन किया जा रहा है, ताकि नागरिकों को राजस्व से संबंधित समस्याओं के लिए परेशान न होना पड़े और उनके कार्य तत्काल आसानी से शीघ्र पूरा हो सके। इसी कड़ी में कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने कुमरदा तहसील कार्यालय में आयोजित राजस्व शिविर का औचक निरीक्षण किया। कलेक्टर ने नागरिकों की समस्याओं को सुनकर राजस्व अधिकारियों को प्रकरणों का समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनमानस के राजस्व संबंधी समस्याओं का समाधान संवेदनशीलतापूर्वक एवं तत्परता से करें। किसान एवं नागरिकों के नामांकन, सीमांकन, बटवारा, आय-जाति-निवास प्रमाण पत्र जैसी विभिन्न समस्याओं का समाधान प्रभावी तरीके से होना चाहिए और यह शिविर जनसामान्य के लिए परिणाममूलक होना चाहिए। तहसील स्तरीय राजस्व शिविर में किसानों एवं नागरिकों से 225 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें से 115 आवेदनों का त्वरित निराकरण किया गया है। जिसमें नामांतरण के 26, बटवांरा के 10, सीमांकन के 30, त्रुटि सुधार 29, आय-जाति-निवास प्रमाण पत्र के 4, पट्टा के 12, ऋण पुस्तिका 24, अन्य 90 आवेदन शामिल है। शिविर में किसानों को नि:शुल्क किसान किताब वितरित किया गया। शिविर में राजस्व अमला एक ही स्थान पर उपलब्ध होने पर जनसामान्य के राजस्व संबंधी प्रकरणों का त्वरित निराकरण हुआ एवं मामले को समझाना भी आसान हो गया। शिविर में एसडीएम डोंगरगांव श्रीकांत कोराम, तहसीलदार आकांक्षा साहू, सहित राजस्व निरीक्षक, पटवारी, सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।



## युगांतर में सीबीएसई द्वारा केपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम इन लर्निंग आउटकम एंड पैडोलॉजी पर कार्यशाला आयोजित

**राजनांदगाँव ( नांदगांव टाइम्स )।** शिक्षा, खेल, संस्कृति के क्षेत्र में अग्रणी संस्था युगांतर पब्लिक स्कूल में सीबीएसई द्वारा शिक्षक शिक्षिकाओ के लिए केपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम इन लर्निंग आउटकम एंड पैडोलॉजी विषय पर एक कार्यशाला आयोजित हुई । इस कार्यशाला को सीबीएसई की रिसोर्स पर्सन चित्रा वी एस तथा जया सिंह ने संचालित किया। दोनों रिसोर्स पर्सन ने सीबीएसई की इस कार्यशाला को संचालित करते हुए बारी-बारी से शिक्षक-शिक्षिकाओं को लर्निंग अबजेक्टिव तथा लर्निंग आउटकम को विस्तार से समझाया। उन्होंने कहा कि लर्निंग अबजेक्टिव प्राप्त करने के लिए शिक्षक-शिक्षिकाओं को प्रभावी शिक्षण प्रणाली का प्रयोग करना चाहिए। राष्ट्रीय शिक्षा प्रणाली का भी यह उद्देश्य रहा है कि विद्यार्थीगण अपनी समझ को बढ़ावे। इसके लिए उन्हें पाठ के प्रश्नोत्तर याद करने की अपेक्षा उन्हें समझकर खुद उत्तर लिखने की क्षमता का विकास करना चाहिए।




कार्यशाला को रोचकता प्रदान करने के लिए बीच-बीच में आकर्षक गतिविधियाँ कराई गई। विद्यालय के प्राचार्य मधुसूदन नायर ने कहा कि युगांतर के द्वारा समय-समय पर इस तरह के रचनात्मक कार्यशाला आयोजित की जाती रहेंगी, जिससे शिक्षक-शिक्षिकाएं लाभान्वित हो सके और विद्यार्थियों को भी इसका लाभ मिल सके। उन्होंने आगे कहा कि लर्निंग आउटकम प्राप्त करने के लिए शिक्षक-शिक्षिकाओं को बाल केन्द्रित शिक्षा प्रणाली का प्रयोग करना चाहिए। कार्यशाला की सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने मुक्त कंठ से की सराहना की है। रिसोर्स पर्सन चित्रा वी एस ने भी युगांतर के स्टॉफ तथा यहाँ की सुविधाओं की सराहना की है। कार्यशाला की सफलता पर विद्यालय के चेयरमैन अजय सिंगी, वाइस चेयरमैन अखराज कोटड़िया, सेक्रेटरी विनय डड्ढा, कोषाध्यक्ष मिश्रीलाल गोलछा, निदेशक (अकेडमिक्स) सुशील कोठारी, नरेंद्र कोटड़िया, पीआरओ स्पोर्ट्स ऑफिसर दिनेश प्रताप सिंह, हैड मिस्ट्रेस विनीता तिलवानी सहित युगांतर परिवार ने हर्ष प्रकट किया है।

## महापौर मधुसूदन यादव वार्डो में साफ सफाई एवं निर्माण कार्य का किया निरीक्षण

### अटल परिसर निर्माण की धीमी गति पर निर्माण कार्य में तेजी लाने के दिये निर्देश

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** वार्ड निरीक्षण के लिए महापौर श्री मधुसूदन यादव आज सुबह कंचन बाग, मोतीपुर स्कूल, स्टेट स्कूल व सर्वेश्वरदास स्कूल का जायजा लिया। वही आज दोपहर अटल परिसर निर्माण कार्य तथा दुर्गा चौक रोड समता भवन के पास नाला देख शहर में साफ सफाई रखने तथा निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।महापौर श्री यादव आज सुबह कंचन बाग में साफ सफाई दुरूस्त करने, बारिश के पूर्व नाला सफाई करने प्र.स्वास्थ्य अधिकारी श्री राजेश मिश्रा को निर्देश दिए। उन्होंने कंचन बाग में विश्वकर्मा मंदिर का निरीक्षण कर वार्डवासियों की हाल निर्माण करने मांग पर प्राक्कलन तैयार करने के निर्देश उप अभियंता श्री अशोक देवागंन को दिए। निरीक्षण की कडी में उन्होंने स्टेट स्कूल उद्यान का निरीक्षण कर विभिन्न आयोजनों के लिए दुरूस्त करने निर्देशित किए। साथ ही सर्वेश्वरदास स्कूल में प्रयोग शाला निर्माण के लिए स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने मोतीपुर मिडिल स्कूल का निरीक्षण कर मरम्मत करने कहा, जिससे बरसात में विद्यार्थियों को पढ़ाई में असुविधा न हो। महापौर श्री यादव आज ही दोपहर में वर्धमान नगर के पास निर्माणाधीन अटल परिसर का जायजा लेकर कार्य की प्रगति की जानकारी ली। उप अभियंता ने बताया कि प्रतिमा के लिए पेडेस्टल, बाउण्ड्रीवाल का निर्माण किया गया है, अन्य कार्य प्रगति पर है। उन्होंने ग्रनाईट व टाईल्स लगाने के कार्य में तेजी लाकर विद्युतिकरण करने के निर्देश देते हुए कहा कि निर्माण में तेजी लावे इसके लिए मेन पावर बढ़ावे, कार्य की प्रतिदिन मानिटरिंग करे। महापौर ने दुर्गा चौक रोड स्थित समता कालोनी के पास नाला की बदबू की शिकायत पर कालोनी वासियों से मुलाकात कर उप अभियंता श्री अनूप पाण्डे को नाला दुरूस्त कर कालोनी क्षेत्र के नाला ढकने व चेम्बर बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वास्थ्य अधिकारी से नाला सफाई कराने कहा। निरीक्षण के दौरान महापौर परिषद के प्रभारी सदस्य श्री सावन वर्मा व श्री डीलेश्वर प्रसाद साहू, पार्षद श्री रवि सिन्हा, श्री सतीश साहू, श्री चन्द्रशेखर लश्करे, पूर्व पार्षद श्री विजय राय व श्री शरद सिन्हा तथा निगम का अमला उपस्थित था।



## बीं फार्मा नियुक्ति को निरस्त करने राजेश श्यामकर ने सीएमएचवो को सौंपा ज्ञापन

**राजनांदगाव ( नांदगांव टाइम्स )।** बी फार्मा भर्ती मे हुवें गड़बड़ियों को लेकर आज पूर्व जिला पंचायत सदस्य व भाजपा नेता राजेश श्यामकर ने जिला पंचायत सीईओ सुरुचि सिंह व मुख्य चिकित्सा एवं स्वस्थ्य अधिकारी राजनांदगाव डॉ नेतराम नवरत्न को ज्ञापन सौंप कहा की बी फार्मा भर्ती मे जिन बच्ची का प्रतिशत 77.83 है. उसका मेरिट सूची मे नाम हीं नही है जबकि इनके पास एक वर्ष का अनुभव भी है। जबकि 72 , 74 वालो का सूची मे नाम है एक अभ्यर्थी का सूची मे दो नाम है एक मे जनरल तो दूसरी मे ओबीसी जो समझ से परे है। पात्र सूची मे 11 लोगो का नाम है जो जाँच का विषय है पूर्व जिला पंचायत सदस्य व भाजपा नेता राजेश श्यामकर ने जिला पंचायत सीईओ व मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर भर्ती निरस्त क़र जाँच करने कहा गया है। इस दौरान प्रदेश भाजपा सदस्य योगेश खत्री , मिडिया प्रभारी भाजपा तिलेश्वर सिन्हा उपस्थिति थे।



## चक्रधर कत्थक कल्याण केन्द्र का आयोजन 15 जून को

### अखिल भारतीय कत्थक नृत्य कार्यशाला का समापन एवं कल्याण संगीत समारोह

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** प्रतिवर्ष अनुसार चक्रधर कत्थक कल्याण केन्द्र द्वारा शास्त्रीय नृत्य संगीत की विरासत को बढ़ाने के उदेद्श्य से पाँच दिवसीय नि:शुल्क अखिल भारतीय च्च्रायगढ़ कथक नृत्य घरानाज्ज् को केन्द्रित कर रायगढ़ की वैभवशाली घराने की बंदिशो और नृत्य संगीत को केन्द्रित कर यह अखिल भारतीय स्तर पर कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है और कार्यशाला के प्रशिक्षक सुप्रसिद्ध नृत्याचार्य डॉ. भगवान दास माणिक महंत ग्वालियर द्वारा रायगढ़ दरबार की दुर्लभ एवं अप्रचलित नृत्य बंदिशो का नि:शुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है । ज्ञात हो कि डॉ. भगवान दास एवं संस्था के प्राचार्य डॉ. कृष्ण कुमार सिन्हा दोनो गुरू भाई है तथा आप दोनो ही राजा श्री चक्रधर सिंह महाराज के प्रिय एवं दरबारी कलाकार स्व. प्रो. कल्याण दास महंत जी के गंडाबंद शिष्य है। दिनांक 08 जून 2025 से प्रारंभ अखिल भारतीय कथक नृत्य कार्यशाला में प्रदेश के अलावा अन्य प्रदेश से प्रशिक्षणार्थीयों द्वारा प्रशिक्षण हेतु आये हुए है उक्त आयोजन संस्कृति विभाग छ.ग. शासन के सहयोग से किया जा रहा है । चक्रधर कत्थक कल्याण केन्द्र राजनांदगांव द्वारा इस तरह के आयोजन से कई नई युवा पीढी को अपनी गौरवपूर्ण परंपरा और संस्कृति से जुडने और सीखने का यह सुनहरा अवसर है। 15 जून 2025 को सुबह 10 बजे से प्रतिष्ठित गुणीजनों की उपस्थिति में प्रो. कल्याण दास महंत जी के स्मृति में कल्याण संगीत समारोह में अपनी प्रस्तुति देंगे। इस समारोह में आगरा (उ.प्र.) के घरानेदार संगीतिक परिवार की सुप्रसिद्ध गायिका श्रीमती अर्चना तलेगाँवकर जी गायन की प्रस्तुति देंगी। इस अवसर पर राजा चक्रधर सिंह के ग्रंथ के नाम से च्नर्तन सर्वस्वमज् सम्मान से नृत्याचार्य डॉ. भगवान दास माणिक महंत को सम्मानित देंगे। श्रीमती अर्चना तलेगाँवकर जी को च्रागरत्न मंजूषाज् सम्मान से सम्मानित होगी। इस अवसर पर संस्था के संस्थापक डॉ. कृष्ण कुमार सिन्हा अपने गुरू की स्मृति में शास्त्रीय नृत्य संगीत के क्षेत्र में काम करने वाले युवा कलाकार ज्योति श्री बोहिदार वैष्णव को कथक नृत्य के क्षेत्र में च्नृत्य कलानिधि सम्मानज्ज् एवं युवा तबला वादक श्री शरद मेश्राम को तबला के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए च्तोय निधि सम्मानज्ज् से अलंकृत किया जायेगा। ज्ञात हो कि चक्रधर कत्थक कल्याण केन्द्र राजा चक्रधर सिंह जी की गौरवशाली नृत्य संगीत परंपरा का शिक्षण संरक्षण, संवर्धन के लिए अपनी स्थापना की 43वें पड़ाव पर है, और राजा चक्रधर सिंह जी के नाम से एक मात्र प्रथम स्नातक संगीत महाविद्यालय मध्य भारत और छत्तीसगढ़ का गौरव प्राप्त है। श्री कल्याण संगीत समारोह वेदांग आर्ट स्टूडियो सांकरा (सोमनी) राजनांदगांव (छ.ग.) में दिनांक 15/06/2025 दिन - रविवार को सुबह 10 बजे से आयोजित किया जा रहा है। उपरोक्त जानकारी एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से तुषार सिन्हा ने दी।



## युक्तियुक्तकरण के खिलाफ बीईओ ऑफिस का घेराव

### कांग्रेस ने रैली निकालकर राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी डोंगरगांव द्वारा युक्तियुक्तकरण के खिलाफ अपनी चिंता और विरोध जताते हुए प्रतीकात्मक रैली निकालकर बीईओ कार्यालय का घेराव किया। इस दौरान कांग्रेसियों ने राज्य सरकार, शिक्षा विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। उपरांत राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा गया।प्रदेश कांग्रेस के आव्हान् पर कांग्रेसी स्थानीय पुराना बस स्टैण्ड में एकत्रित होकर नुक्कड़ सभा का आयोजन भी किया। सभा मे वक्ताओं ने युक्तियुक्तकरण को शिक्षकों, बच्चों और आमजनता के विरूद्ध बताते हुए इस नीति की जमकर आलोचना की। वक्ताओं ने कहा कि इस नीति के नाम पर भाजपा सरकार ने कई महत्वपूर्ण सरकारी सेवाओं को प्रभावित किया है, जो आम जनता के लिए फायदेमंद थी। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की यह नीति न सिर्फ कर्मचारियों के हितों को नजऱअंदाज़ करने वाली है, वरन् यह सरकारी सेवाओं की गुणवत्ता और पहुंच को घटाने का काम करेगी। सभा पश्चात् कांग्रेसियों ने पैदल मार्च करते हुए बीईओ कार्यालय पहुंचे। बीईओ कार्यालय घेराव कर नायब तहसीलदार झरना राजपूत को राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कांग्रेस ने कहा कि युक्तियुक्तकरण नीति की प्रक्रिया में पारदर्शिता की कमी है तथा कर्मचारियों के रोजगार सुरक्षा के लिए खतरा पैदा कर सकता है। इस नीति को लागू करने से पहले कर्मचारियों, नागरिकों और विशेषज्ञों से व्यापक विचार विमर्श नहीं किया गया। ज्ञापन सौंपने के दौरान आंदोलन प्रभारी रमेश खण्डेलवाल, गणेश साहू, संध्या साहू, बिरेन्द्र बोरकर, टिकेश साहू, सुयश नाहटा, बलीराम साहू, संजय संचेती, डॉ. नरेन्द्र साहू, रोशन यदु, गीता सलामे, पुष्पदेवी यदु, वैशाली बोरकर, लोकेश सिन्हा, प्रियंक जैन, राकेश साहू, रितेश राजपूत, अमित ठाकुर सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल थे।



## निजी नल कनेक्शन के लिए लगा प्रतिबंध हटा

**अब नल कनेक्शन लेने आवेदन कर सकते है**

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** ग्रीष्म ऋतु में पानी की कमी को ध्यान में रखते हुए हर वर्ष मार्च माह से 15 जून तक नये नल कलेक्शन लगाने नगर निगम द्वारा प्रतिबंध लगाया जाता है और वर्षा ऋतु प्रारंभ होते ही नल कनेक्शन लेने प्रतिबंध हटाया जाता है। उक्त प्रतिबंध 10 जून से हटा लिया गया है। नल कनेक्शन प्रतिबंध के संबंध में आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने बताया कि ग्रीष्म ऋतु में सुचारू पेयजल के लिए प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी मार्च से निजी नल कनेक्शन देने प्रतिबंध लगाया गया था जिसे कलेक्टर डॉ.सर्वेश्व नरेन्द्र भूरे के आदेशानुसार वर्षा ऋतु प्रारंभ होते ही हटा लिया गया है। इस संबंध में नगर निगम द्वारा निजी नल कनेक्शन लेने लगा प्रतिबंध 10 जून से हटाने विधिवत आदेश जारी किया गया है। आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने कहा है कि जिन्हे निजी नल कनेक्शन लेना है वे विधिवत राजस्व कर का भुगतान कर लोक सेवा गारंटी अधिनियम अंतर्गत नल कनेक्शन लेने नगर निगम में आवेदन कर सकते है।

## साहू समाज ने किया प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** तहसील साहू संघ छुरिया द्वारा



शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु कक्षा दसवीं के चांदनी साहू, हेमलता साहू, खुशबू साहू,तिलोका साहू एवं अन्य को प्रतीक चिन्ह, प्रशस्ति पत्र भेंटकर सम्मानित किया गया। और उपस्थित अतिथियों द्वारा उन्हें उज्जवल भविष्य की बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई।

## बछड़ो के सांथ क्रूरता करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**कबीरधाम ( नांदगांव टाइम्स )।** दिनांक 12.06.2025 को प्रार्थी गोकुल वर्मा पिता ब्यास नारायण वर्मा उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम



सूखाताल, थाना कवर्धा, जिला कबीरधाम द्वारा थाना भोरमदेव में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि ग्राम राजानवागांव, भोरमदेव रोड पर कुछ व्यक्तियों द्वारा 04 नग बछड़ों को अमानवीय एवं निर्दयी तरीके से मारते-पीटते हुए भूखे-प्यासे हालत में भोरमदेव की ओर ले जाया जा रहा है। प्राप्त सूचना के आधार पर प्रार्थी तथा गौ रक्षक दल के सदस्य हरीश पाली, पुष्कर शुक्ला, शिवा पाली एवं सूरज चंद्रवंशी द्वारा मौके पर पहुंचकर देखा गया कि निम्नलिखित व्यक्तियों द्वारा उक्त 04 नग बछड़ों को जोड़ी में बांधकर बुरी तरह पीटते हुए ले जाया जा रहा था: उक्त व्यक्तियों से मौके पर पूछताछ की गई, तथा दिलीप धुर्वे एवं महेश मरकाम के कब्जे से 04 नग बछड़ों को जप्त किया गया।

## तहसील कार्यालय छुरिया में राजस्व शिविर 14 जून को

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे के मार्गदर्शन में तहसील कार्यालयों में जनसामान्य के सुविधा की दृष्टिगत तहसील स्तरीय राजस्व शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में शनिवार 14 जून 2025 को तहसील कार्यालय छुरिया में तहसील स्तरीय राजस्व शिविर का आयोजन किया गया है। नागरिक शिविर में शामिल होकर राजस्व संबंधित प्रकरणों का निराकरण करा सकते है। कलेक्टर ने शिविर में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक, पटवारी, कोटवार को उपस्थित रहकर राजस्व प्रकरणों का निराकरण करने के निर्देश दिए है। तहसील स्तरीय राजस्व शिविर में अविवादित नामांतरण, अविवादित बंटवारा, धारा 115 के तहत त्रुटि सुधार सीमांकन, डायवर्सन, आरबीसी 6-4, किसान किताब, आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र, अतिक्रमण हटाये जाने से संबंधित आवेदन प्रमुख रूप से प्राप्त कर अतिशीघ्र निराकरण करना सुनिश्चित किया जाएगा। जिन आवेदनों का निराकरण मौके पर ही किया जाना संभव हो, उसे तत्काल शिविर स्थल में ही निराकृत किया जाएगा।

**शुभांक**

**1-6-8**

**158-4 167-4**

**भाग्यांक**

**680 -4 150-6**


### कार्यालय कार्यपालन अभियंता
### ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग, राजनांदगांव (छ.ग)

**संक्षिप्त मैनुअल निविदा सूचना क्रमांक-12 (प्रथमबार)**

क्रमांक /1304 /वलेलि / ग्रायांसेवा/2025-26 राजनांदगांव, दिनांक 12.06.2025

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से पंजीकृत एकीकृत पंजीयन प्रणाली से प्रपत्र 'ए' में दर्शित निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु दर प्राप्त करने आनलाईन मैनुवल निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में ) |
|---|---|
| शासकीय बौद्धिक मंदता वाले विशेष विद्यालय भवन जीर्णोद्धार एवं पोताई कार्य राजनांदगांव विकासखण्ड राजनांदगांव | 14.02 |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेबपोर्टल http://eproc.cgstate. gov.in में दिनांक 13.06.2025 से देखी जा सकती है। निविदा कार्यालय में पहुंचने की अंतिम तिथि 27.06.2025 सायं 5.30 तक है।

कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा
संभाग- राजनांदगांव

जी -2526001528/2


# कबीर जयंती पर सात्विक यज्ञ चौका आरती, भजन कीर्तन एवं भंडारा का हुआ आयोजन

## कबीर प्राकटोत्सव पर कबीर पंथियो ने किया नगर के नवनिर्वाचित पार्शदो एवं समाज के प्रतिभावान विद्यार्थियो का सम्मान

**अंबागढ़ चौकी ( नांदगांव टाइम्स )।** राष्ट्र के महान संत एवं समाज सुधारक श्री कबीर साहेब का प्राकटोत्सव सदगुरू श्री कबीर अनुयायियो ने हर्षोल्लासपूर्वक मनाया। कबीर जंयती के अवसर पर मानिकपुरी समाज एवं कबीर मंदिर समिति तथा कबीर पंथियो द्वारा नगर में विविध आयोजन किए गए।

सदगुरू कबीर साहेब की जयंती के अवसर पर 11 जून को नगर के शहीद भगत सिंह वार्ड में स्थित कबीर मंदिर एवं मानिकपुरी धर्मशाला में पंरपरानुरूप सात्विक यज्ञ चौका आरती सम्पन्न हुआ। जयंती के अवसर पर इस वर्ष कबीर धर्मनगर दामाखेडा से पधारे महंत मुक्तावनदास एवं उनकी टीम द्वारा सात्विक यज्ञ चौका आारती किया गया तथा इस अवसर पर भजन गायक प्रदीप मानिकपुरी द्वारा साहेब के लिखे दोहो को भजनो के रूप में प्रस्तुत कर श्रोताओ को मंत्रमुग्ध कर खूब वाहवाही लूटी। इस दौरान संत कबीर धर्मनगर दामाखेडा से पधारे महंत मुक्तावन दास ने सामाजिक जनो को सामाजिकजनो को कुरीतियो एवं आडम्बर तथा दिखावे से दूर रहने की प्रेरणादायी सीख दी। सात्विक यज्ञ चौका आरती के पश्चात मंदिर में प्रसादी वितरण एवं भंडारा का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। जिसमे ग्रामीण क्षेत्र तथा अंबागढ चौकी नगर से कार्यक्रम में शामिल हुए कबीर अनुयायियो ने प्रसादी व भोजन ग्रहण किया। कार्यक्रम को सफ्ल बनाने के लिए कबीर मंदिर समिति के प्रमुख एम. मानिकपुरी, बिसाहूदास मानिकपुरी, सुकृतदास मानिकपुरी, प्राचार्य श्री मानिकपुरी, समाज के जिलाध्यक्ष गोविंददास मानिकपुरी, ब्लाक अध्यक्ष जागृतदास, सचिव रविदास, रोहितदास , मनोहरदास, प्रकाषदास, देवदास, केवलदास, भूषणदास, साहेबदास, शोभितदास, गोविंददास, प्रदीप , शिवशंकर दीवान, दुर्गा मानिकपुरी, शंकर दास



मानिकपुरी, तीजनबाई मानिकपुरी एवं सेवानवृत्त व्याख्याता अर्जुनदास साहू, पूर्व जनपद सदस्य मानिक लाल साहू, योगेन्द्र मिश्रा, मनीष बंसोड आदि प्रमुख पदाधिकारियो का उल्लेखनीय योगदान रहा।

**पार्षदों एवं मेधावी विद्यार्थियो का किया सम्मान**

संत कबीर जयंती के अवसर पर कबीर मंदिर समति तथा कबीर अनुयायियो द्वारा नगर पंचायत के नवनिर्वाचित पार्शदो एवं नगर अध्यक्ष का सम्मान किया गया। जनप्रतिनिधियो के सम्मान से पूर्व मानिकपुरी समाज के मेघावी छात्र छात्राओ तथा बोर्ड परीक्षा में प्रावीण्य सूची में आने वाले विद्यार्थियो को पुरस्कृत करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। समाज द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में नगर अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी, उपाध्यक्ष पवन गुप्ता, पार्षद व सभापति विनोद डेहरिया, ईश्वरी धुवे, किशुन पटेल, श्रीमती उमा शंकर निषाद, पार्षद मुकेश सिन्हा, वरिष्ठ शिक्षक अर्जुनदास साहू, पूर्व जनपद सदस्य मानिक साहू, पूर्व पार्षद मनीष मनीश बंसोड शामिल हुए। समाज ने जनप्रतिनिधियो को स्मृति चिन्ह एवं अंग वस्त्र भेटकर सम्मानित किया।

**विकास के लिए शिक्षा को हथियार बनाने का आहवान- अनिल मानिकपुरी**

कबीर जयंती पर आयोजित मंचीय कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। नगर अध्यक्ष ने कहा की संत श्री कबीर जी के बताए मार्ग और उनके आदर्श हर युग में प्रासंगिक है। उन्होने कहा की महान संत ने 14 वी शताब्दी में अपने दोहो के माध्यम से समाज सुधार की दिशा मे जो काव्य पाठ किया वह आज 11 सौ साल में भी नए एवं आज ही लिखी तथा वर्तमान परिवेश के लिए ही गई काव्यग्रंथ व रचना प्रतीत होती है। नगर अध्यक्ष ने समाजिक जनो को विकास के लिए शिक्षा को हथियार बनाकर आगे बढने का आहवान किया। उन्होने कहा की हम अपने बच्चो को उच्च शिक्षित बनाए जिससे वह अपने परिवार के साथ साथ समाज को भी मजबूती प्रदान कर सके। नगर उपाध्यक्ष पवन गुप्ता तथा षिक्षक अर्जुनदास साहू ने कबीर अनुयायियो को संत के बताए मार्ग में चलने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम का संचान प्राचार्य श्री मानिकपुरी एवं आभार ज्ञापन दुर्गा मानिकपुरी ने किया।

## रानीतरई सोसाइटी अध्यक्ष विवेक साहू पर नियम उल्लंघन का आरोप, पद से हटाने की मांग तेज

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** रानीतरई सहकारी समिति के प्राधिकृत अध्यक्ष विवेक साहू के खिलाफ गंभीर आरोपों ने जोर पकड़ लिया है। पूर्व जनपद सदस्य योगेंद्र दास वैष्णव ने उपपंजीयक कार्यालय में लिखित शिकायत दर्ज कर साहू को अध्यक्ष पद से हटाने की मांग की है।



वैष्णव का आरोप है कि साहू ने सहकारी नियमों का उल्लंघन करते हुए उपपंजीयक को गलत जानकारी देकर और अंधेरे में रखकर अध्यक्ष पद हासिल किया। इस मामले ने स्थानीय किसानों के बीच असंतोष को बढ़ावा दिया है, जो समिति के कामकाज और पुनर्गठन में निष्क्रियता से नाराज हैं।

**विवेक साहू पर 5 वर्षों से लेनदेन बंद होने का आरोप**

योगेंद्र दास वैष्णव ने अपनी शिकायत में सहकारी नियमों की उप विधि क्रमांक 11 का हवाला दिया, जिसमें यह अनिवार्य है कि अध्यक्ष पद के लिए उम्मीदवार का पिछले पांच वर्षों से समिति में सक्रिय लेनदेन होना चाहिए। वैष्णव ने दावा किया कि विवेक साहू का पिछले पांच वर्षों से कोई लेनदेन नहीं है, फिर भी उन्होंने कथित तौर पर भाजपा सरकार के प्रभाव का दुरुपयोग कर उपपंजीयक को गुमराह किया और अध्यक्ष पद पर काबिज हो गए।

इसके अलावा, छत्तीसगढ़ की साय सरकार ने किसानों के हित में सहकारी समितियों को छोटे-छोटे इकाइयों में विभाजित कर पुनर्गठन की प्रक्रिया शुरू की है। इस प्रक्रिया के तहत रानीतरई समिति के अंतर्गत आने वाले किसी भी गांव में नई समिति का गठन नहीं किया गया है। वैष्णव ने आरोप लगाया कि विवेक साहू ने इस दिशा में कोई प्रयास नहीं किया, जिससे किसानों के हित प्रभावित हुए हैं। स्थानीय किसानों में साहू के खिलाफ आक्रोश बढ़ रहा है, और वे समिति के कामकाज में पारदर्शिता और सक्रियता की मांग कर रहे हैं। वैष्णव ने उपपंजीयक से इस मामले की गहन जांच कर विवेक साहू को अध्यक्ष पद से हटाने और नियमों के अनुसार उचित कार्रवाई करने की मांग की है। इस शिकायत ने रानीतरई सहकारी समिति के प्रशासनिक कामकाज पर सवाल उठाए हैं, और अब सभी की नजरें उपपंजीयक कार्यालय की कार्रवाई पर टिकी हैं।

## क्वांर नवरात्रि पर्व 2025 संवत 2082 के लिए ज्योति कलश प्रज्वलित करने विशेष व्यवस्था 14 जून से होगी प्रारंभ

**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** विश्व प्रसिद्ध मां बमलेश्वरी मंदिर में आगामी कुंवार नवरात्रि पर्व में ज्योति कलश जलाने हेतु विशेष व्यवस्था के तहत 14 जून से रसीद काटी जाएगी। ट्रस्ट के मंत्री महेंद्र सिंह परिहार ने बताया कि ऊपर स्थित मां बमलेश्वरी मंदिर में जो भी भक्तजन आगामी कुवांर नवरात्रि पर्व के लिए ज्योति कलश प्रज्वलित करना चाहते हैं ट्रस्ट मंडल के खाते में नगद बैंक ड्राफ्ट या मनी ऑर्डर के द्वारा ?1100 जमा कर रसीद प्राप्त कर सकते हैं इसके अलावा वर्षभर प्रतिदिन होने वाले माताजी के विशेष अभिषेक श्रंगार हेतु ऊपर व नीचे मंदिर में ?500 की रसीद कटाकर विशेष पूजन भी प्रारंभ है। विशेष अवसरों पर माता जी की विशेष पूजा के लिए ?250 शुल्क जमा कर विशेष पूजा आरती भी की जा सकती है। बताया गया कि ऊपर मंदिर में माता जी के भोग प्रसाद भंडारा अनवरत जारी है इसके लिए भी भक्त अपने जन्मदिन या विशेष अवसर पर दान दे सकते हैं यह व्यवस्था माताजी के भक्त जनों को विशेष सुविधा के तहत दी जा रही है श्री परिहार ने सभी भक्तों से इस अवसर का लाभ उठाने की अपील की है।

## गोंड समाज के संभाग स्तरीय पदाधिकारियों का किया गया मनोनयन

**राजनांदगांव।** गोंडवाना समाज के अंतर्राज्यीय संगठन संभाग मोहला के संभागीय पदाधिकारियों का गठन कार्यक्रम गत दिनों बालोद जिले के विकासखण्ड मुख्यालय डौण्डी के गोंडवाना भवन में आयोजित किया गया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री हीरेसिंह घावड़े एवं निर्वाचन अधिकारी श्री भोलाराम नेताम, श्री सुरेश दुग्गा, श्री चंद्रेश ठाकुर, श्री लखन सोरी एवं श्री जागेश्वर मण्डावी के द्वारा संपूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया को समाज के बायलॉज के आधार पर पारदर्शी तरीके से संपन्न किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित विशाल संख्या में सामाजिक जनों के द्वारा श्री मोहन हिड़को को संभागीय अध्यक्ष एवं सेवानिवृत्त डीआईजी श्री डीआर आचला और श्रीमती सुभद्रा नेताम को संभागीय उपाध्यक्ष के रूप में मनोनयन किया गया। इसी तरह श्री हीरे सिंह घावड़े को मुख्य



सलाहकार एवं श्री नीतराम पुरामे को संभागीय महासचिव मनोनीत किया गया। इसके अलावा श्री कुमार कोरेटी संभागीय सचिव, श्री तुलसीराम मरकाम कोषाध्यक्ष, श्री देवप्रसाद कड़ियाम संगठन मंत्री, श्री महेश कोरेटी ऑडिटर, श्री श्याम सिंह नेताम मीडिया प्रभारी के अलावा श्री बिसनाथ गोटा, श्री जगत सलामे, श्री शालिक कौड़ो एवं श्री पूर्णानंद नेताम संभागीय सलाहकार बनाए गए। इस अवसर पर समाज के लोगों के द्वारा शांतिपूर्ण ढंग से संभागीय पदाधिकारियों का गठन प्रक्रिया संपन्न होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी पदाधिकारियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। समाज प्रमुखों ने आशा व्यक्त किया कि नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के कुशल नेतृत्व में गोंडवाना समाज संभाग मोहला निरंतर प्रगति करते हुए समाज के चहुँमूखी विकास में अपनी बहुमूल्य भागीदारी सुनिश्चित करेगी।

## प्रदेश साहू संघ अध्यक्ष टहल साहू ने फीता काटकर किया साहू भवन का लोकार्पण

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** तहसील साहू संघ छुरिया के नवनिर्मित साहू सदन का लोकार्पण व सम्मान समारोह 13 जून दिन शुक्रवार को आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ अध्यक्ष टहल साहू ने फीता काटकर साहू भवन का किया लोकार्पण। तत्पश्चात भक्त माता कर्मा के तैलचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलितकर पूजा अर्चना कर सामाजिक बंधुओ ने आरती किया।प्रदेश अध्यक्ष टहल साहू ने तहसील साहू संघ अध्यक्ष भुनेश्वर प्रसाद साहू को बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित किया। तहसील अध्यक्ष भुवनेश्वर साहू ने बताया कि यह भवन 19 लाख 60 हजार और लोगों के जन सहयोग से नवनिर्मित हुआ है। इसके अलावा विशेष दानदाता अध्यक्ष भुवनेश्वर साहू बोर खनन एवं पंप सेट, गुहा राम साहू आटरा



11111रुपए, कुमार साहू पांडेटोला 11101 रुपए, राजेश ज्वेलर्स गैदाटोला, 5100 रूपये, विष्णु साहू ठेकेदार गैदाटोला 5001, तहसीलदार छुरिया विजय साहू 5001रुपए का विशेष योगदान रहा। अध्यक्ष भुनेश्वर प्रसाद साहू ने बताया कि तहसील साहू संघ का गठन 1995 में अविभाजित राजनांदगांव से पृथक होकर अस्तित्व में आया लेकिन 30 वर्षों तक समाज का कोई भवन नहीं था तहसील साहू संघ छुरिया के भुवनेश्वर प्रसाद साहू अध्यक्ष के अथक व परिश्रम रंग लाया और तत्कालीन पूर्व मुख्य मंत्री भूपेश बघेल के दौरान 19 लाख 60 हजार की प्रशासनिक स्वीकृति व राजगामी संपदा न्यास से 10 डिसमिल जमीन आवंटन के बाद साहू समाज के प्रत्येक सदस्यों की आर्थिक सहयोग पश्चात साहू सदन का निर्माण संभव हो पाया है।

## जिला पंचायत सीईओ ने विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों के क्रियान्वयन एवं प्रगति की विस्तृत समीक्षा की

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिला पंचायत एवं जनपद पंचायत के अधिकारियों की बैठक लेकर पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों के क्रियान्वयन एवं प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह ने प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत अप्रारंभ आवासों को शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए। उन्होंने हितग्राहियों को किश्त की राशि का भुगतान समय-सीमा में सुनिश्चित करने के लिए लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिला पंचायत सीईओ ने ग्राम सभा की बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत अनुमोदित नवीन स्वीकृति तथा पात्र-अपात्र हितग्राहियों की सूची तत्काल प्रस्तुत करने निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि ब्लाकों में पदस्थ तकनीकी सहायकों की हर 15 दिवस में उनके कार्यों की समीक्षा की जाएगी। सभी तकनीकी सहायक को फील्ड में रहकर प्रधानमंत्री आवास योजना एवं मनरेगा के कार्यों में प्रगति लाने के निर्देश दिए तथा जनपद पंचायत के सीईओ को कार्यों का मॉनिटरिंग करने निर्देशित किया।मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत स्वच्छता सर्वेक्षण का आयोजन किया जाएगा। जिसकी तैयारी के लिए नालियों, सोख्ता गढ्डा, तालाबों की सफाई, कचरा संग्रहण, दीवार लेखन, स्वच्छता सर्वेक्षण के पूर्व प्लास्टिक वेस्ट मेनेजमेंट यूनिट के संबंध में आवश्यक जानकारी लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, 15वें वित्त आयोग एवं पंचायत सेक्टर के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की तथा प्रगतिरत कार्यो को समय-सीमा में पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया।




**न्यायालय तहसीलदार खैरागढ़ जिला-खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई (छ.ग.)**

**-:: ईश्तहार::-**

रा.प्र.क. 202505290200001
अ/21(1)
वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा ग्राम बैहाटोला प.ह.न. 34 तहसील खैरागढ़ जिला खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई के द्वारा आवेदक तिरिथ पिता नियाईक जाति गोंड निवासी ग्राम बैहाटोला तहसील खैरागढ़ द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम बैहाटोला स्थित भूमि ख.न. 67/1 रकबा 0.323 हे. भूमि को पारिवारिक आवश्यकताओं की पूर्ति एंव कर्ज अदायगी हेतु रकमों की आवश्यकता होने पर गैर आदिवासी लीलिमा जंघेल पचि चैतन्य जंघेल निवासी ग्राम धनौरा तहसील सहसपुर के पास विकय किये जाने हेतु की अनुमति बाबत आवेदन पेश किया गया हैं।

अतएव ग्राम बैहाटोला प.ह.न. 34 स्थित भूमि ख.न. 67/1 रकबा 0.323 हे. भूमि को पारिवारिक आवश्यकताओं की पूर्ति एंव कर्ज अदायगी हेतु रकमों की आवश्यकता होने पर गैर आदिवासी लीलिमा जंघेल पचि चैतन्य जंघेल निवासी ग्राम धनौरा तहसील सहसपुर के पास विकय किये जाने में जिस किसी को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे पेशी दिनांक 23/06/2025 तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दावाआपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत कालावधि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 22/05/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

**जारी दिनांक - 22/05/2025**
**सुनवाई दिनांक - 23/06/2025**

सील **तहसीलदार खैरागढ़**

**न्यायालय नायब तहसीलदार राजनांदगांव जिला राजनांदगांव (छ.ग.)**

**-:: ईश्तहार ::-**

रा0मा0क्र0........अ-6 (अ) वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा समस्त मोहल्ले / ग्राम वासी ग्राम बुन्देलीकला प.ह.नं. 23 तहसील व जिला राजनांदगांव को सूचित किया जाता है कि आवेदक भुनेश्वर लाल आ. श्री वेदलाल वर्मा निवासी ग्राम बुन्देलीकला तहसील व जिला राजनांदगांव छ0ग0 द्वारा आवेदनमय तलवाना, बी-1/ खसरा नक्शा / ऋणपुस्तिका एवं अन्य दस्तावेजों की छायाप्रति प्रस्तुत कर ग्राम बुन्देलीकला प.ह.नं. 23 तहसील व जिला राजनांदगांव में स्थित भूमि खसरा नं 559/2 रकबा 0.226 हे0 भूमि आवेदक के नाम से ऋणपुस्तिका में दर्ज व स्थित है किन्तु ऑनलाइन बी-1 में खसरा नंबर 559/2 रकबा 0.2260 हे भूमिस्वामी दृद्र पिता ष्ष् दर्शित हो रहा है। जो कि त्रुटिपूर्ण है। आवेदक द्वारा अपने ऑनलाईन बी-1 में अभिलेख दुरूस्ती किए जाने हेतु निवेदन किया गया है।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे पेशी दिनांक 17/06/2025 तक लिखित में मेरे न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित पेशी तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। अतएव उक्त ईश्तहार आज दिनांक 02/06/2025 को मेरे हस्ताक्षर एव न्यायालय की मुहर से जारी किया गया ।

**जारी दिनाक 02/06/2025**
**सुनवाई दिनाक 17/06/2025**

सील **नायब तहसीलदार राजनांदगांव (छ.ग.)**

**न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगढ़। के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202506095200002**

विषयः- अ-6 अ
मामले की श्रेणीः- राजस्व
सनः-2024-2025
अछोली (प ह न. 00022),
पक्षकारों का विवरण आवेदक पक्षकार श्रीमती नंदा झारिया,
अनावेदक पक्षकार - तजिंदर सिंह भाटिया व अन्य,

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती नंदा झारिया पति राजेन्द्र कुमार झारिया जाति मेहरा निवासी ग्राम तालाब टोला वार्ड नम्बर 08 आनादी आश्रम मार्ग नैनपुर तहसील नैनपुर जिला मण्डला (मध्यप्रदेश) द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया है कि आवेदिका ने विक्रेता तजिंदर सिंह भाटिया पिता स. गुरदयाल सिंह भाटिया निवासी एस.बी.आई. रोड वार्ड नम्बर 10 डोंगरगढ़ से उनके एकल स्वामी जो कि ग्राम अछोली प.ह.न. 22 स्थित खसरा नम्बर 281/।। में से रकबा 0.005हे एवं खसरा नम्बर 313/32 में से रकबा 0.008हे. कुल रकबा 0.013 है. ( 1500 वर्गफुट ) को पंजीयन विक्रय पत्र के माध्यम से उप पंजीयक कार्यालय डोंगरगढ़ में दिनांक 03.10.2011 को क्रय की थी। जिसका नामांतरण क्रमांक 101 दिनांक 13.03.2012 को हुआ है आवेदिका के द्वारा क्रय की गई भूमि का नामांतरण होने के बाद आवेदिका को ऋण पुस्तिका क्रमांक पी 1438620 प्रदान किया गया जिसमे खसरा नम्बर 281 ही दर्ज किया गया है जबकि उक्त भूमि 281/11 में से है बंटाकन नम्बर ।। दर्ज नहीं किया गया है तथा ऑनलाईन में उक्त भूमि का नकल निकालते है तो उक्त में किसी मंजुबाला पति सूर्यप्रकाश जाती कोष्टा निवासी डोंगरगढ़ का नाम दिखा रहा है और खसरा नम्बर 313/32 में से कि भूमि पर अनावेदक क्रमांक 0। विक्रेता का नाम दिखा रहा है जिससे आवेदिका को काफी अपूर्णीयक्षति हो रही है। अतः आवेदिका द्वारा क्रय की गई का राजस्व अभिलेख पर अनावेदकगणों का नाम विलोपित कर अपना नाम दर्ज किये का निवेदन किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व दावा हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 26.06.2025 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

सील **नायब तहसीलदार डोंगरगढ़**

**न्यायालय नायब तहसीलदार राजनांदगांव जिला राजनांदगांव (छ.ग.)**

**-:: ईश्तहार ::-**

रा.मा.क्रं. श्व-202505090100021
अ/21(1)
वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा समस्त ग्रामवासी ग्राम-धनगांव प.ह.नं.-27, रा.नि.मं.- सुकुलदैहान तहसील व जिला राजनांदगांव को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री युवराज उइके आ0 श्री रेवाराम उइके जाति गोड़, निवासी घोघरे, वार्ड नं0 06 तहसील छुरिया द्वारा अपने नाम व स्वामित्व की ग्राम धनगांव प0ह0नं0 27 रा0नि0म0 सुकुलदैहान तहसील व जिला राजनांदगांव स्थित खाता कमांक 479 कुल खसरा नं0 08 कुल रकबा 3.2730 हे0 भूमि को बच्चों की उच्च शिक्षा, मकान निर्माण हेतु रकम की आवश्यकता होने से गैर आदिवासी को विकय की अनुमति प्रदाय करने हेतु प्रस्तुत आवेदन के संबंध में भू-राजस्व संहिता की धारा 165 के प्रावधानों के तहत विस्तृत जांच एवं प्रतिवेदन प्रस्तुत करने हेतु प्रकरण इस न्यायालय को जांच प्रतिवेदनार्थ प्राप्त हुआ है।

आवेदक के स्वामित्व की उक्त आवेदित भूमि विकय की अनुमति प्रदाय किये जाने के संबंध में विचाराधीन प्रकरण में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे इस न्यायालय में नियत आगामी सुनवाई तिथि 20/06/2025 तक लिखित में स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय के समक्ष उपस्थित होकर दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार अथवा सुनवाई नही की जावेगी।

अतएव उक्त ईश्तहार/उ?द्घोषणा आज दिनांक 06/06/2025 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया ।

**जारी दिनांक - 06/06/2025.**
**सुनवाई दिनांक :- 20/06/2025**

सील **नायब तहसीलदार राजनांदगाँव**

## ज्ञान मंथन

*1) ट्रांजिशनिंग इंडस्ट्रियल क्लस्टर्स इनिशिएटिव किस संगठन से जुड़ा है?*

*2) नई खोजी गई मस्तिष्क कोशिकाओं के प्रकार ओवॉइड का मुख्य कार्य क्या है?*

*3) वर्ल्ड माइग्रेटरी बर्ड डे 2024 का थीम क्या है?*

*4) हाल ही में किस मंत्रालय ने 21 वीं पशुधन जनगणना शुरू की?*

*5) श्री सिंगीस्वरर मंदिर, जो खबरों में देखा गया था, किस राज्य में स्थित है?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**



## उत्तर माला

(1) विश्व आर्थिक मंच (2) पहचान स्मृति में भूमिका निभाना (3) कीड़ों की रक्षा करें, पक्षियों की रक्षा करें (4) मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय (5) तमिलनाडु

# सोराईसिस एवं कैंसर जैसे असाध्य रोगों के हर्बल मेडिसिन पर साथ मे काम करेंगे आईआईटी भिलाई एवं दिग्विजय कॉलेज के प्रोफेसर: भारत सरकार से मिला 50 लाख का प्रोजेक्ट

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जिले के लिए यह अत्यंत गौरव की बात है की इस साल के मई महीने मे दिग्विजय महाविद्यालय के रसायन शास्त्र के सहायक प्राध्यापक डॉ डाकेश्वर कुमार वर्मा को आईआईटी भिलाई के संयुक्त तत्वाधान मे डिपार्टमेंट ऑफ़ साइंस एंड टेक्नोलॉजी दिल्ली की तरफ से 50 लाख की अनुदान राशि प्राप्त हुई है जिसमे आईआईटी भिलाई रविशंकर विश्वविद्यालय रायपुर एवं दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव साथ मिलकर काम करेंगे 7

इस प्रोजेक्ट मे सोराईसिस, कैंसर एवं सेल्फ हीलिंग के लिए प्रयुक्त होने वाले औषधिय पेड़ पौधों से हर्बल मेडिसिन तैयार की जायेगी 7 इस प्रोजेक्ट का टाइटल छत्तीसगढ़ के सुदूर क्षेत्रों में उत्पाद विकास और वैज्ञानिक सत्यापन के माध्यम से औषधीय पौधों के स्वास्थ्य और वित्तीय प्रभाव विश्लेषण की खोज: आर्टिफिशल इंटेलीजेंसी के माध्यम से जनजातीय स्वदेशी ज्ञान को जोड़ना है। इस प्रोजेक्ट कार्य के मुख्य उद्देश्य के कुछ महत्वपूर्ण तथ्य शामिल है जिसमे से मुख्य अंश निम्नानुसार है। एक एकीकृत कृत्रिम बुद्धिमत्ता संचालित मोबाइल प्लेटफ़ॉर्म विकसित करना जो जनजातीय औषधीय पौधों की वास्तविक समय की पहचान के लिए कंप्यूटर विज़न और प्राकृतिक भाषा प्रसंस्करण का उपयोग करता है। प्लेटफ़ॉर्म में पौधे से जुड़े विस्तृत विवरण, पारंपरिक उपयोग और प्रसंस्करण अनुष्ठानों को प्रदान करने के लिए एक चैटबॉट सुविधा शामिल होगी, साथ ही एक प्लांट ट्रैकिंग सिस्टम भी होगा जहाँ उपयोगकर्ता संरक्षण प्रयासों का समर्थन करने के लिए दुर्लभ पौधों के दिखने की रिपोर्ट कर सकते हैं। औषधीय पौधों की जानकारी को जनजातीय भाषा से हिंदी में प्रलेखित करना, ताकि यह व्यापक स्तर लोगो के लिए सुलभ हो सके। छत्तीसगढ़ के सुदूर आदिवासी क्षेत्रों में त्वचा रोग, घातक और गैर-घातक ट्यूमर, गठिया, हड्डी टूटने की समस्या और कुछ तंत्रिका तंत्र संबंधी रोग जैसे अल्जाइमर और मिर्गी के लिए चयनित औषधीय पौधों से संबंधित आदिवासी औषधीय ज्ञान का वैज्ञानिक दस्तावेज तैयार करना। पहचाने गए पादप घटकों वाले हर्बल फॉर्मूलेशन के सहक्रियात्मक




प्रभावों का परीक्षण करने के लिए व्यापक नैदानिक परीक्षण और औषधीय अध्ययन आयोजित करना, उनकी सुरक्षा, प्रभावकारिता और आधुनिक चिकित्सा में एकीकरण की क्षमता सुनिश्चित करना।इन पौधों से हर्बल उत्पाद विकसित करने की वित्तीय व्यवहार्यता का पता लगाना। स्वदेशी अधिकारों और जैव विविधता को संरक्षित करते हुए व्यावसायीकरण के लिए टिकाऊ मॉडल प्रस्तावित करना। इस पहल के माध्यम से जनजातीय समुदाय पर सामाजिक-आर्थिक प्रभाव का मूल्यांकन करना। इस प्रोजेक्ट के लिए आई आई टी भिलाई के डायरेक्टर प्रोफेसर राजीव प्रकाश ने डिपार्टमेंट ऑफ़ साइंस एंड टेक्नोलॉजी नई दिल्ली से अनुमोदन किया था जिसके अंतर्गत भारत सरकार की ओर से उपरोक्त संस्थानों को शोध कार्य हेतु 50 लाख रुपये की राशि प्राप्त हुई. इस कार्य मे असाध्य बीमारियों जैसे की सोराईसिस, कैंसर एवं पेट सम्बंधित समस्त विकार के लिए औषधिय पेड़ पौधों से वैज्ञानिक पद्धति से हर्बल मेडिसिन तैयार करना एवं उनका पेटेंट कराना शामिल है। छत्तीसगढ़ के विभिन्न सुदूर जंगल एवं पिछड़े क्षेत्रो मे वहां के जनजातीय एवं अन्य समुदाय कई पीढ़ियों से पारम्परिक तरीको से कई असाध्य रोगों का इलाज करते आ रहे है और इलाज के बदले वहां के वैद्य गण बहुत ही सामान्य शुल्क लेते है 7 ऐसे गुणी जनो के आर्थिक एवं सामाजिक स्तर को बढ़ाना एवं उनके परंपरागत उपचार पद्धति को दुनिया के सामने लाना ही इस प्रोजेक्ट का मुख्य उद्देश्य है. प्रोजेक्ट के कोपीआई डॉ डाकेश्वर कुमार वर्मा ने बताया की सुदूर घने जंगलो मे पाए जाने वाले औषधिय पौधों मे विभिन्न प्रकार के कार्बनिक यौगिक जैसे की टेर्पिन, अल्कालोईड्स, कार्बोहाइड्रेट, सपोनिन, कॉलेस्ट्रॉल, फ्लैवेनोड्स, पॉलिफिनाल पाए जाते है जो विभिन्न बीमारियों के रोकथाम के लिए जिम्मेदार होते है. इन कार्बनिक योगिको की पहचान करना, उन्हें वैज्ञानिक पद्धति द्वारा अलग, उनके विषाक्तता की पहचान करना, और अंतिम बने उत्पाद को जीव जंतुओ मे परिक्षण कर मनाव समाज के लिए उपयोगी बना भी इस प्रोजेक्ट का मुख्य पहलु है।

## आम जनता एवं पीड़ित की समझ के लिए छत्तीसगढ़ पुलिस की कार्य प्रणाली से उर्दू-फारसी के कठिन शब्दों की जगह उपयोग होगी सरल हिंदी- गृहमंत्री विजय शर्मा

**पदमराज सिंह ठाकुर**

**कबीरधाम/ रायपुर ( नांदगांव टाइम्स )।** प्रदेश की पुलिस व्यवस्था को और अधिक जनसुलभ, पारदर्शी और संवादात्मक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्र विजय शर्मा के निर्देश के पश्चात अब राज्य की पुलिस कार्यप्रणाली में प्रयुक्त होने वाले कठिन, पारंपरिक एवं आम नागरिकों की समझ से बाहर उर्दू-फारसी शब्दों को हटाकर उनकी जगह पर सहज और प्रचलित हिंदी शब्दों का उपयोग किया जाएगा। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने स्पष्ट रूप से कहा है कि आम नागरिक जब किसी शिकायत, अपराध सूचना अथवा अन्य कार्य से थाने जाता है, तो वह अक्सर पुलिस द्वारा दर्ज की गई एफआईआर या अन्य दस्तावेजों की भाषा को लेकर असमंजस में रहता है। अन्य भासाओ के शब्द आम लोगों के लिए अनजाने होते हैं, जिससे वे न तो अपनी बात ठीक से समझा पाते हैं और न ही पूरी प्रक्रिया को ठीक से समझ पाते हैं। उन्होंने कहा कि यदि पुलिस का उद्देश्य नागरिकों की सहायता और सुरक्षा है, तो उसकी भाषा भी ऐसी होनी चाहिए जो नागरिकों की समझ में आए और उनके विश्वास को बढ़ाए।



# व्यापम की एडीईओ परीक्षा में 10 बजे के बाद तथा बगैर मूल पहचान पत्र प्रवेश नहीं

### परीक्षार्थीयों को उनके प्रवेश पत्र में दिये केन्द्र में ही बैठने की होगी अनुमति



**राजनांदगबांव ( नांदगांव टाइम्स )।** व्यापम द्वारा एडीईओ भर्ती परीक्षा का आयोजन 15 जून 2025 को की जा रही है। परीक्षा प्रात: 10:00 बजे से 12:15 बजे तक 41 केन्द्रों में आयोजित है। परीक्षा के समन्वयक डॉ. अमिता बख्शी प्र प्राचार्य शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय ने बताया की परीक्षार्थी अनिवार्य रूप से परीक्षा के 01 घण्टे पूर्व परीक्षा केन्द्र में प्रवेश पत्र तथा मूल पहचान पत्र लेकर पहुंचे। 10 बजे के बाद किसी भी परीक्षार्थी को प्रवेश नहीं दिया जावेगा । परीक्षार्थियो के लिए प्रवेश पत्र के साथ मूल पहचान पत्र के रूप में आधार कार्ड, पेन कार्ड, ड्राइविंग लायसेंस, जैसे किसी एक फोटो युक्त पहचान पत्र की मूल प्रति लाना अनिवार्य है। इसके बगैर परीक्षा में बैठने नहीं दिया जाऐगा साथ ही परीक्षार्थी यह सुनिश्चित कर ले की उनका प्रवेश पत्र 2025 का ही हो। किसी भी परीक्षार्थी को उनके निर्धारित केन्द्र में ही बैठने की अनुमति होगी। प्रवेश पत्र में दिये गए केन्द्र के अतिरिक्त किसी अन्य केन्द्र में बैठने नहीं दिया जाऐगा अत: सभी परीक्षार्थी वर्ष 2025 के प्रवेश पत्र में दिये गए केन्द्र में निर्धारित समय से एक घण्टे पूर्व मूल पहचान पत्र एवं प्रवेश पत्र के साथ उपस्थित हो साथ ही एक दिन पुर्व केन्द्र जाकर देख लें । परीक्षा के समन्वयक डॉ. अमिता बख्शी ने संयुक्त रूप से सभी केन्द्रो के केन्द्राध्यक्षों , तथा समन्वयक केन्द्र द्वारा नियुक्त किये पर्यवेक्षकों की बैठक दिग्विजय महाविद्यालय में लेकर उन्हें परीक्षा के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये । सहायक समन्वयक श्री दीपक कुमार परगनिहा ने सभी केन्द्राध्यक्षों एवं पर्यवेक्षकों को वयापम द्वारा प्राप्त निर्देशों से अवगत कराते हुए कहा कि परीक्षा केन्द्र के मुख्य द्वार में अनिवार्य रूप से एक जिम्मेदार अधिकारी को नियुक्त करे जो परीक्षार्थियों के प्रवेश पत्र एवं मूल पहचान पत्र की जांच कर ही उन्हें परीक्षा केन्द्र में प्रवेश दे। पर्यवेक्षक नियमित रूप से परीक्षा केन्द्र का भ्रमण करें तथा विक्षकों की बैठक लेकर उन्हें परीक्षा संबंधित आवश्यक जानकारी प्रदान करें।

# शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद ने सिंधी समाज के गो प्रतिष्ठा अभियान से जुड़ने सम्बंधी पुस्तिका का श्री विद्या मठ वाराणसी में किया विमोचन

### देश विदेश में बसा सिंधी समाज शंकराचार्यों के गो प्रतिष्ठा आन्दोलन को देगा साथ : साईं मसंद



**पदमराज सिंह ठाकुर**

**वाराणसी/रायपुर ( नांदगांव टाइम्स )।** परमाराध्य परमधर्माधीश ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगदगुरु शंकराचार्य स्वामिश्रीः अविमुक्तेश्वरानंदः सरस्वती जी महाराज द्वारा देश के अन्य शंकराचार्यों एवं अनेक गोप्रेमी संगठनों का साथ लेकर गौमाता के प्राणों की रक्षा व उनको राष्ट्रमाता घोषित कराने हेतु चलाए जा रहे गौमाता राष्ट्रमाता प्रतिष्ठा आंदोलन को देश विदेश में बसा सिंधी समाज तन-मन-धन से साथ देगा। यह संकल्प परम धर्म संसद 1008 के केन्द्रीय कार्यालय श्रीविद्यामठ, वाराणसी में मसन्द सेवाश्रम रायपुर छत्तीसगढ़ के पीठाधीश एवं परम धर्म संसद 1008 के संगठन मंत्री, सिंधी समाज के विख्यात संत साईं जलकुमार मसंद साहिब जी की अध्यक्षता में आयोजित शंकराचार्य स्वामिश्रीः अविमुक्तेश्वरानंदः सरस्वती जी महाराज द्वारा देश विदेश में बसे सिंधी समाज के गो प्रतिष्ठा अभियान से जुड़ने सम्बंधी पुस्तिका के किये गये विमोचन।

# डॉ. रमन सिंह से मिले ग्रामीण सामाजिक अंकेक्षक इकाई की महिलाएँ

### 40 के पार उम्र वाले काम नहीं कर सकते, छत्तीसगढ़ सामाजिक अंकेक्षण इकाई रायपुर के आदेश से हडकंप

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** विगत दिनों राजनांदगांव, बालोद, कांकेर की ग्रामीण सामाजिक अंकेक्षक ग्रुप (वी.एस.ए.,वी.आर.पी.) ने अपनी महत्वपूर्ण माँग और समस्याओं को लेकर छ.ग. के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह विधानसभा अध्यक्ष छत्तीसगढ़ शासन से विशेष मुलाकात की। ज्ञात हो कि (वी.एस.ए.,वी.आर.पी.)एक सामाजिक अंकेक्षक इकाई है जो 2017 से प्रशिक्षण लेकर लगातार महात्मागाँधी नरेगा एवं अन्य कल्याणकारी योजनाओं का पंचायत स्तर पर सामाजिक अंकेक्षण करती है। वर्तमान में छ.ग. सामाजिक अंकेक्षण इकाई (पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग) द्वारा 6/06/2025 को आदेश जारी किया गया है कि, अब 40 वर्ष से अधिक उम्र के (वी.एस.ए.,वी.आर.पी.)सोशल आडिट नहीं कर सकते। विभाग द्वारा अचानक ऐसा आदेश जारी होने से सामाजिक अंकेक्षण का कार्य कर रहे (वी.एस.ए.,वी.आर.पी.)बहुत व्यथित और चिंतित है तथा उम्र का बंधन होने से वे अब काम कैसे करेंगे चूंकि उन लोगों के पास आय व रोजगार का अतिरिक्त जरिया नहीं है। प्रशिक्षित (वी.एस.ए.,वी.आर.पी.)का कहना है कि यदि प्रशिक्षण के दौरान यह बता दिया जाता कि 40 वर्ष उम्र होने के बाद काम नहीं करना है तो कोई प्रशिक्षण भी नहीं लेते रोजगार के लिए कोई दूसरा विकल्प चुनते। सोशल आडिट के लिए अचानक उम्र बंधन संबंधि आदेश के कारण उन लोगों का भविष्य अधर में है।विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से मुलाकात के दौरान सामाजिक अंकेक्षक दल की महिलाओं ने मांग की है कि छत्तीसगढ़ सामाजिक अंकेक्षण इकाई (पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग)द्वारा उम्र बंधन से संबंधित आदेश को तत्काल वापस लिया जाए तथा 40 से अधिक उम्र के (वी.एस.ए.,वी.आर.पी.) को भी सामाजिक अंकेक्षण कार्य की अनुमति शीघ्र प्रदान किया जाए। ताकि उन लोगों के बीच रोजी रोटी और परिवार के भरण पोषण की समस्या उत्पन्न ना हो। यदि आदेश वापस नहीं लिया जाता है तो छ.ग. में सामाजिक अंकेक्षण करने वाले सैंक ड़ो (वी.एस.ए.,वी.आर.पी.) बेरोजगार हो जायेगें। पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह (विधानसभा अध्यक्ष)छ.ग. शासन ने मुलाकात के दौरान सामाजिक अंकेक्षण दल को आश्वस्त किया कि वे तत्काल छत्तीसगढ़ सामाजिक अंकेक्षण इकाई(पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग) को पत्र लिखकर समस्या का समाधान करेगें। इस अवसर पर राजनांदगांव से कमलेश्वरी साहू, कुसुम साहू, छाया बोरकर, निर्मला साहू, चमेली साहू, ममता साहू, सुजाता साहू, शीला यादव, निर्मला टेम्बूलकर, बिमला बघेल, रेखा वर्मा, सीमा साहू, पावित्री एवं बालोद जिले से रागिनी साहू, मालती ठाकुर, दिलेश्वरी, रेखा सोरी, बसंता, सुशिमा, मीरा, तारिणी, तथा कांकेर जिला से संगीता लाटिया, द्रोपती फ्लेन्द्र, चंद्रिका सिन्हा, ओमिला सहित बड़ी संख्या में (वी.एस.ए.,वी.आर.पी.) उपस्थित थे।



## निधन

**मदन लाल पारख**

**राजनांदगांव।** नगर के सुप्रतिष्ठित व्यवसायी मदन लाल पारख का आज संध्या अल्प अस्वस्थता के बाद स्थानीय एक निजी चिकित्सालय में आकस्मिक निधन हो गया। वे लगभग 67 वर्ष के थे। स्व. पारख अपने पीछे पुत्र महावीर पारख एवं तीन बेटियों का भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं। वे सर्वश्री कानमल, बालचंद तथा मिश्री लाल पारख के भाई थे। उनका अंतिम संस्कार कल 14 जून को होगा। उनकी अंतिम यात्रा रामाधीन मार्ग स्थित निवास स्थान से प्रात: 11.30 बजे निकलेगी। स्व. श्री मदनलाल पारख वर्षों से साधुमार्गी जैन संघ के सक्रिय पदाधिकारी थे। वे छत्तीसगढ़ और ओडिसा के लिए संघ के विहार संयोजक थे। धर्मानुरागी श्री पारख अपने सरल स्वभाव के चलते सभी वर्गों में लोकप्रिय थे। उनकी अंतिम इच्छानुसार उनकी आंखें उदयाचल नेत्र चिकित्सालय को अर्पित की गई है।



## धर्म समाचार....

# दो ऋतुओं का संधिकाल है आषाढ़, भोलेनाथ की पूजा से मिलेगी आध्यात्मिक उन्नति और सुख




आषाढ़ का महीना 12 जून से शुरू हो गया है और 10 जुलाई तक रहेगा। इस महीने में भगवान विष्णु योग निद्रा में चले जाएंगे और भगवान शिव सृष्टि का संचालन करेंगे। इस दौरान भोलेनाथ सपरिवार पृथ्वी पर आकर सृष्टि का संचालन करते हैं इसलिए उनकी पूजा और आराधना का महत्व है। गर्मी के खत्म होने और बारिश के शुरु होने का संधिकाल है आषाढ़ का महीना। इसकी शुरुआत 12 जून से हो गई है, जो 10 जुलाई तक रहेगा। आषाढ़ शुक्ल एकादशी को 6 जुलाई के दिन भगवान विष्णु चार महीने के लिए योग निद्रा में चले जाएंगे। इसके बाद भगवान शिव सृष्टि को चलाने की जिम्मेदारी संभालेंगे। इसके बाद भोलेनाथ का प्रिय महीना सावन आ जाएगा। कहते हैं कि इस दौरान भोलेनाथ सपरिवार पृथ्वी पर आकर सृष्टि का संचालन करते हैं। ऐसे में इस महीने में भोलेनाथ की पूजा और आराधना करने से शुभ फल मिलते हैं। आषाढ़ मास में तीर्थ यात्रा, नदी स्नान, मंत्र जप, दान-पुण्य करना बहुत महत्व है। इस माह में सूर्योदय से पहले उठकर स्नान-ध्यान आदि करने के बाद सूर्य को अर्घ्य देना चाहिए। इसके बाद अपने इष्टदेव की पूजा के साथ भोलेनाथ का अभिषेक और पूजन करना चाहिए। आषाढ़ में शिवलिंग पर जलाभिषेक और दुग्धाभिषेक करना चाहिए। बेलपत्र के साथ ही भस्म, धतूरा आदि चढ़ाने से कष्टों से मुक्ति मिलती है। इस दौरान शिव पंचाक्षरी मंत्र च्? नम: शिवायज्ज् मंत्र का जाप करने, शिव चालीसा का पाठ करने और भोलेनाथ की आरती करने से आध्यात्मिक शांति मिलती है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, आषाढ़ में शिव-आराधना करने से आत्मशुद्धि और मानसिक शांति मिलती है। इस तरह से भक्त अपने आराध्य के प्रिय महीने सावन में उनकी पूजा और गहन आराधना के लिए तैयार होते हैं। आप शिव पंचाक्षर स्रोत का जाप करके भी भोलेनाथ की भक्ति कर सकते हैं।

### कर्क लग्न वालों को होते हैं मूड स्विंग्स, जानिए इनकी पर्सनालिटी के बारे में

कर्क लग्न के स्वामी चंद्रदेव हैं। इसका प्रतीक केकड़ा है जो दर्शाता है कि ये जातक एक कठोर बाहरी आवरण में एक अति-संवेदनशील हृदय को संजोए होते हैं। ये पालन-पोषण की भावना से परिपूर्ण होते हैं। यह विस्तृत मार्गदर्शिका इनके व्यक्तित्व से लेकर करियर को विस्तार से उजागर करती है। चलिए ऐस्ट्रॉलजर आनंद सागर पाठक जी से जानते हैं इसके बारे में। आनंद सागर पाठक, एस्ट्रोपत्री। इस राशि का प्रतीक केकड़ा है। हिंदी में इसे कर्क कहा जाता है। यह एक जल तत्व की राशि है और इसका स्वामी चंद्रमा है। कर्क लग्न वाले जातक भावनात्मक रूप से संवेदनशील होते हैं और उनकी अंतर्ज्ञान शक्ति अत्यंत प्रबल होती है। यह राशि राशि चक्र की सबसे जटिल राशियों में से एक मानी जाती है, जिसे पूरी तरह से समझ पाना सरल नहीं होता। यह भविष्यवाणियां आपके लग्न पर आधारित हैं, जिसे हिंदी में लग्न कहा जाता है। लेकिन, आज भी बहुत से लोग अपने लग्न से अनजान रहते हैं। अधिकतर लोग केवल अपनी जन्मतिथि और महीने के आधार पर सूर्य राशि जानते हैं। यदि आपकी सूर्य राशि कर्क है, या आपकी चंद्र राशि कर्क है, तब भी यह विवरण आपके लिए उपयोगी और प्रासंगिक है। कर्क लग्न वाले जातक अत्यंत भावुक और संवेदनशील होते हैं। इन्हें अपने घर-परिवार से गहरा लगाव होता है। ये परिचित लोगों के बीच रहना पसंद करते हैं और अपने सुरक्षित घेरे से बाहर निकलना इन्हें असहज कर सकता है। इनमें कल्पनाशीलता, दृढ़ संकल्प, करुणा, मनाने की शक्ति और निष्ठा की विशेषताएँ पाई जाती हैं। इनके शौक ऐसे होते हैं जिन्हें घर पर ही आराम से किया जा सकता है। ये कला और संगीत के प्रति गहरी श्रद्धा रखते हैं। ये अक्सर अकेले रहना पसंद करते हैं या फिर किसी बहुत करीबी मित्र के साथ शांति से भोजन करना इनकी रुचि होती है। जल के समीप विश्राम करना भी इन्हें सुकून देता है। हालांकि, कभी-कभी ये निराशावादी या आत्म-संदेह से ग्रस्त भी हो सकते हैं।



- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो-खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉटपुट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्केरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी-टी टेबल, टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बेट, टी-टी बेट, ट्रैक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बैग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...



स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

# समाज के प्रति अपने दायित्वों निर्वहन करते हुए सभी करें पौधरोपण : कलेक्टर

## कलेक्टर ने पौधरोपण के संबंध में चेम्बर ऑफ कामर्स, स्वयं सेवी संस्थाओं, समाजसेवी संस्थाओं की बैठक ली

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में पौधरोपण के संबंध में चेम्बर ऑफ कामर्स, स्वयं सेवी संस्थाओं एवं समाजसेवी संस्थाओं की बैठक ली। कलेक्टर ने कहा कि एक पेड़ माँ के नाम अभियान अंतर्गत बारिश के मौसम में सघन पौधरोपण किया जाना है। समाज के प्रति अपने दायित्वों को समझते हुए हम सभी को पौधरोपण करना है। पौधरोपण का यह कार्य स्वैच्छिक है, लेकिन अपनी जिम्मेदारियों को निभाते हुए इस कार्य में सभी की सहभागिता होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी स्वयंसेवी संस्थाएं पौधरोपण के लिए रोड के किनारे स्थान का चिंहाकन करे। शासकीय भूमि पर फेंसिंग कराते हुए पौधरोपण का कार्य करें। इस अभियान के तहत एक दुकान एक पेड़ या एक व्यक्ति एक पेड़ अभियान के अंतर्गत पौधे लगा सकते है। उन्होंने कहा कि शहर में 22 गार्डन एवं 53 तालाब है। यहां पौधरोपण करने से पौधों का संरक्षण, संधारण एवं देखभाल अच्छी तरह हो सकेगा। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में गौशाला




एवं चारागाह में पौधरोपण किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि पौधों की सुरक्षा के लिए बाऊंड्रीवाल एवं फेंसिंग जरूरी है। पौधरोपण करते समय पौधों की सुरक्षा पर ध्यान देने की जरूरत है। कलेक्टर ने कहा कि बारिश के मौसम में जल संरक्षण की दिशा में निरंतर प्रयास करना है। इसके लिए आधुनिक तरीकों का उपयोग करते हुए बोरवेल रिचार्ज साफ्टसैंट फिल्टर तथा पर्कोलेशन टैंक में इंजेक्शन वैल के निर्माण से भू-जल के स्तर में वृद्धि का उपयोग करना है। नये तकनीक को अपनाकर भू-जल रिचार्ज करने के कार्य में गति लाने की आवश्यकता है।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने कहा कि एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर तरीके से पौधरोपण करना है। ऐसे क्षेत्रों में फलदार पौधों का रोपण किया जाना है। सार्वजनिक स्थानों पर भी पौधरोपण करना है। उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में विगत वर्ष फलदार पौधरोपण किए जाने से ग्राम पंचायतों को आमदनी हो रही है। इस अवसर पर चेम्बर ऑफ कामर्स के श्री तरूण लहरवानी, उदयाचल से श्री अशोक मोदी, सृजन समाजिक संस्था, गायत्री परिवार युवा प्रकोष्ठ, चक्रधर कल्याण केन्द्र, लोक शक्ति समाज सेवी संस्था डोंगरगांव, अभिलाषा संस्था राजनांदगांव, विशेषीकृत दत्तक ग्रहण एजेंसी, साईट सेल्र्स, साईट सेवर्स, द क्रिश्चयन फेलोशिप, जनकल्याण समाजिक संस्था, शिवेन्द्र सहयोग जनकल्याण संस्था, समता जनकल्याण समिति, माँ बम्लेश्वरी समिति, संस्कारधानी सेवा संस्थान सहित अन्य स्वयं सेवी संस्थाओं, समाजसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि व अधिकारी उपस्थित थे।

## 15 जून को सद्गुरू सुधांशु जी महाराज और शिष्यों का महामिलन

**ब्रह्मलोक आश्रम ग्राम परसदा कुम्हारी दुर्ग में**

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** विश्व जागृति मिशन राजनांदगांव मंडल के अध्यक्ष प्रहलाद राय चेतवानी सचिव सौरभ खंडेलवाल एवं कोषाध्यक्ष दिनेश पटेल ने बताया कि विश्व जागृति मिशन के संस्थापक विश्व विख्यात संत शिरोमणि परम पूज्य सद्गुरुदेव श्री सुधांशु जी महाराज की प्रवचन यात्रा की स्वर्ण जयंती गुरु कृपा के 25 वर्ष पूर्ण होने पर हम सब भक्तों के प्यारे सद्गुरु सुधांशु जी महाराज अपने भक्तों का हाल-



चाल जाने उन पर अपनी कृपा बरसाने 15 जून रविवार 2025 छत्तीसगढ़ प्रदेश स्थित ब्रह्मलोक आश्रम ग्राम परसदा कुमहारी दुर्ग पधार रहे हैं सद्गुरु महिमा अपरंपार है प्रात: 9:00 बजे से दोपहर 1:00 तक परम पूज्य सद्गुरुदेव श्री सुधांशु जी महाराज अपने प्यारे शिष्यों को दर्शन देंगे उपस्थित भक्तगण अपने सद्गुरु का चरण पूजन करेंगे व सद्गुरु ज्ञान गंगा की अमृत धारा आशीर्वाद वचनामृत की अविरलधारा में भक्त गोता लगाएंगे गुरु और शिष्य के महामिलन का यह अनुपम पल सदगुरु और शिष्य के लिए अनमोल पल होता है सद्गुरु की अमृत दृष्टि अपने भक्तों की अनकही बातों को पढ़कर अपने शिष्यों के कल्याण का आशीष प्रदान करते हैं 15 जून 2025 रविवार को सद्गुरु से मिलने छत्तीसगढ़ प्रदेश सहित राजनंदगांव के समस्त गुरु भक्त अपने पूज्य सद्गुरुदेव से मिलन हेतु ब्रह्मलोक आश्रम ग्राम परसदा कुम्हारी दुर्ग के लिए प्रात: 7:00 बजे प्रस्थान करेंगे।

## राजनांदगांव जिला झेरिया धोबी समाज का 15 जून को बैठक

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जिला झेरिया धोबी (रजक) समाज का जिला स्तरीय बैठक 15 जून दिन रविवार को समय दोपहर 12 बजे राजनांदगांव स्थित चिखली पुलिस चौकी के पीछे दीनदयाल नगर के जिला सामाजिक भवन में रखा गया है।

राजनांदगांव जिला झेरिया धोबी रजक समाज के अध्यक्ष डॉ. लेखराम निर्मलकर ने बताया कि बैठक का उद्देश्य आगामी दिवस पर जिला स्तरीय सामाजिक सम्मेलन करना एवं सामाजिक विषयों पर चर्चा किया जाना है। उन्होंने उक्त बैठक के लिए जिला पदाधिकारियों सहित समस्त परिक्षेत्र पदाधिकारियों को उपस्थित होने का आमंत्रण देते हुए आग्रह किया है। उन्होंने परिक्षेत्र के अध्यक्ष की अनुपस्थिति पर अन्य पदाधिकारियों की उपस्थिति को लेकर निवेदन किया है। उक्त जानकारी जिला सचिव रोहित निर्मलकर एवं जिला मीडिया प्रभारी लोकेश रजक ने दी है।

## पुलिस अधीक्षक धमेन्द्र सिंह (आईपीएस) ने पुलिस जवानों की समस्याएं सुनकर किया तत्काल निराकरण



**कबीरधाम ( नांदगांव टाइम्स )।** पुलिस अधीक्षक धमेन्द्र सिंह (आईपीएस) द्वारा आज पुलिस अधीक्षक कार्यालय में ओ.आर. के अंतर्गत पुलिस विभाग के विभिन्न थाना-चौकी में पदस्थ जवानों से सीधा संवाद किया गया। पुलिस अधीक्षक ने इस दौरान जवानों की व्यक्तिगत, प्रशासनिक और सेवा संबंधी मांगों, समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरता से सुना। इस अवसर पर रक्षित निरीक्षक महेश्वर सिंह सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। पुलिस अधीक्षक धमेन्द्र सिंह ने जवानों की समस्याओं के प्रति संवेदनशीलता दिखाते हुए कई प्रकरणों का मौके पर ही त्वरित निराकरण किया।

## नीलेश श्रीवास्तव पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन संवर्धन परिषद के छत्तीसगढ़ राज्य के वाइस प्रेसिडेंट नियुक्त

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** केंद्रीय पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन संवर्धन परिषद के जनरल सेक्रेटरी अविनाश सिंह ने राजनांदगांव निवासी नीलेश श्रीवास्तव को परिषद की छत्तीसगढ़ इकाई का वाइस प्रेसिडेंट नियुक्त किया है। श्री श्रीवास्तव इससे पहले भी परिषद के केंद्रीय सदस्य थे।

श्री श्रीवास्तव की नियुक्ति परिषद के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। यह परिषद केंद्र में कार्यरत नेचर वेलफेयर विभाग की एजेंसी के रूप में कार्य करती है जो भारत सरकार पर्यावरण और वानकी संबंधी नीतियों और कार्यक्रमों की योजनाओं का प्रचार प्रसार और क्रियान्वयन में अहम भूमिका निभाती है तथा इसका देखरेख भी करती है। राष्ट्रीय परिषद के अध्यक्ष राहुल द्विवेदी मैं दिल्ली स्थित कार्यालय में नीलेश श्रीवास्तव को सामाजिक व पर्यावरण के क्षेत्र में उनके कार्यों तथा अनुभव



को देखते हुए नियुक्ति पत्र सोपा है। उन्होंने आशा व्यक्त की है कि श्री श्रीवास्तव के नेतृत्व में परिषद मजबूत होगा तथा अपने क्षेत्र में और भी सशक्त माध्यम से कार्य करेगा। नियुक्ति पत्र सौपते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल द्विवेदी, वाइस चेयरमैन शैलेंद्र गर्ग, राष्ट्रीय निदेशक धीर सिंह, छत्तीसगढ़ के निदेशक सुमित कुमार सहित अन्य पदाधिकारी ने श्री श्रीवास्तव को इस नई भूमिका के लिए बधाई दी। श्री श्रीवास्तव की इस नियुक्ति से राज्य में परिषद के कार्य में तेजी आएगी और युवाओं को पर्यावरण और वानकी के क्षेत्र में प्रोत्साहित करते हुए इस क्षेत्र में सकारात्मक परिवर्तन लाने में अहम भूमिका अदा करेगी। उनकी इस नियुक्ति से छत्तीसगढ़ में उनके साथियों और कार्यकर्ताओं मैं हर्ष व्याप्त है। सभी ने उन्हें इस नियुक्ति के लिए बधाई दी है।

## छत्तीसगढ़ सब जूनियर बालिका हॉकी टीम हेतू चयन स्पर्धा का आयोजन

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ हॉकी की सब जूनियर बालिका हॉकी टीम हेतु एक दिवसीय चयन स्पर्धा विगत दिवस अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम राजनांदगांव मे छत्तीसगढ़ हॉकी के अध्यक्ष फिरोज अंसारी के मार्गदर्शन में आयोजित कि गई । जिसमें छत्तीसगढ हॉकी से मान्यता प्राप्त जिले एवं संस्थानों से कुल 76 बालिका हॉकी खिलाडियों ने भाग लिया। छत्तीसगढ़ हॉकीज्ज् के महासचिव मनीष श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया की अगामी दिनांक 03 से 14 जुलाई 2025 तक रांची (झारखंड) में 15वीं हॉकी इंडिया राष्ट्रीय सब जूनियर बालिका हॉकी चैम्पियनशिप आयोजित की जा रही है। इस हेतु राज्य की टीम के संभावित खिलाड़ियो का चयन ट्रायल में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर 26खिलाडियो का चयन किया गया है।



चयन पश्चात् 26 संभावित सब जूनियर बालिका हॉकी खिलाडियो का प्रशिक्षण शिविर बहुत जल्द अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम राजनांदगंव में आयोजित किया जायेगा। नेशनल चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ अपना पहला मैच दिनांक 03 जुलाई को दादर नागर हवेली के साथ खेलेगी। उक्त चयन स्पर्धा में छत्तीसगढ हॉकी के अध्यक्ष फिरोज अंसारी, एन आई एस हॉकी कोच अनुराज श्रीवास्तव,साई के हॉकी कोच परमजीत सिंह, रायपुर हॉकी अकादमी के प्रहलाद तांडी, विष्णु यादव ,खेलो इंडिया सेन्टर बस्तर के कोच कार्तिक यादव, शैलेन्द्र वर्मा, हिमांशु कबीरधाम से, तथा आशा थॉमस,कृष्णा यादव,हिमांशु मलिक आयुष साहू आदि उपस्थित थें।

## नीरज पैरेंट्स प्राइड स्कूल. बल्देवबाग अब नए साज.सज्जा एवं नवनिर्मित बड़े कक्षों के साथ



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शहर के मध्य में स्थित नीरज पैरेंट्स प्राइड स्कूल.बल्देवबाग है जिसमें बच्चों के भविष्य निर्माण हेतु एवं उनकी सुविधाओं एवं सुगमता को ध्यान में रखते हुए नवनिर्मित भवन तैयार हो चुका है। नवनिर्मित भवन में अब प्री.नर्सरी से केजी.2 एवं कक्षा 1 से 8 तक के बच्चों हेतु सर्वसुविधायुक्त पढ़ने.पढ़ाने हेतु बड़े.बड़े कक्षों का निर्माण कराया गया है। जिसमें नर्सरी से केजी.2 तक के बच्चों को खेलने हेतु बड़ा हॉल एवं खेल.खिलौने सहित प्ले.स्टेशन में बच्चों के खेलने हेतु सुविधायुक्त खिलौनेए हवादार कमरों का निर्माण कराया गया है। हमारे नए भवन में स्मार्ट बोर्डए डिजिटल प्रोजेक्टर और आरामदायक बैठने की जगह से सुसज्जित आधुनिक कक्षाएँ हैं। भवन को सुरक्षा और संरक्षा को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया गया हैए जिसमें सीसी.टीवी कैमरेए सुरक्षित प्रवेश द्वार शामिल हैं। बच्चों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए आरओ वाटर ;शुद्ध पेयजलद्ध की भी सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। बल्देवबाग स्थित नीरज पैरेंट्स प्राइड स्कूल में बच्चों को खेल.खेल में पढ़ाई के साथ ही साथ उनमें संस्कार एवं देश भक्ति की भावना का जागृत किया जा रहा है। जिससे आप एवं आपके पाल्य.पाल्य भविष्य में गौरवांवित एवं संस्कारवान होंगे। इस हेतु राजनांदगांव जिले के संचालक नीरज बाजपेयी ने पालकों से आग्रह किया है कि अपने बच्चों को शिक्षा के साथ संस्कार एवं देशभक्ति व राष्ट्रहित को ध्यान में रखते हुए नीरज पैरेंट्स प्राइड स्कूल.बल्देवबाग में प्रवेश दिलाए।

## राजनांदगांव पैंथर्स की टीम ने अजेय टीम बस्तर बाइसंस को 10 विकटों से रौंदा...

### आशीष डहरिया एवं अजय मंडल की आतिशी बल्लेबाजी

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम रायपुर में अंतरराष्ट्रीय स्तर की आयोजित छत्तीसगढ़ क्रिकेट प्रीमियर लीग( सीसीपीएल) के अंतिम लीग मैच में राजनांदगांव पैंथर्स ने अभी तक अजेय रही बस्तर बाइसंस की टीम को बहुत ही आसानी से 10 विकटों से रौंदा ।

आज के इस मैच में अजय मंडल की अनुपस्थिति में संजीत देसाई की कप्तानी में उतरी राजनांदगांव पैंथर्स की टीम ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का निर्णय लिया। राजनांदगांव पैंथर्स के स्पिन गेंदबाजों के सामने पूरी लीग में अपनी बल्लेबाजी का लोहा मना चुकी बस्तर बाइसंस की टीम अच्छी शुरुआत के बाद एक-एक रन के लिए संघर्ष करती नजर आई । शुरू के तीन ओवरों में ही 34 रन बना चुकी बस्तर की अब तक की सफल सलामी जोड़ी शशांक चंद्राकर एवं संगीत सोनी के आउट होते ही पुरी टीम दबाव में आ गयी ।

बस्तर बायसन की टीम से अवनीश धालीवाल एवं राहुल प्रधान ने क्रमश: 25 एवं 23 रन बनाकर कुछ हद तक संघर्ष करते नजर आए एवं अपनी टीम का स्कोर 141 रनों तक पहुंचाया संगीत सोनी एवं



छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित शहीद वीरनारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम रायपुर में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय स्तर के छत्तीसगढ़ क्रिकेट प्रीमियर लीग (CCPL ) रायपुर महापौर, विजय शाह एवं योगेश बागड़ी द्वारा मैन ऑफद मैच का पुरस्कार दिया गया।

अब्दुल अनस खान ने क्रमश: 19 एवं 16 रन बनाएं । राजनांदगांव पैंथर्स की तरफ से फिर से एक बार ऐश्वर्या मौर्य ने तीन एवं जीवेश भुट्टे ने दो विकेट लिए । देव आदित्य सिंह एवं सुमित रूईकर ने एक-एक विकेट लिए । जवाब में खेलने उतरी राजनांदगांव पैंथर्स की टीम आज कुछ अलग ही रंग में नजर आई सलामी जोड़ी आशीष डहरिया एवं इंपैक्ट प्लेयर के रूप में उतरे अजय मंडल ने पहले ओवर से ही मैदान के चारों तरफ चौकों एवं छक्कों की बौछार ही कर दी । दोनों ही बल्लेबाजों ने मात्र 13.4 ओवरों में है जीत के लिए आवश्यक 142 रन बना लिए । आशीष डेहरिया ने मात्र 45 गेंदों में ही ताबड तोड नाबाद 82 रन बनाएं वही अजय मंडल ने भी मात्र 38 गेंदों में ही नाबाद 60 रन बनाएं । पांच लीग मैचों में चार मैचों में जीत दर्ज कर राजनांदगांव पैंथर्स की टीम 8 नंबर प्राप्त कर लीग में रन औसत आधार पर दूसरे नंबर पर रही । राजनांदगांव पैंथर्स का सेमीफाइनल मुकाबला आज रात्रि 7:30 बजे से बस्तर बाइसंस के साथ होने जा रहा है दूसरा सेमीफाइनल मैच बिलासपुर बुल्स एवं रायपुर रियांश के मध्य संध्या 3:30 बजे से खेला जावेगा । लीग का फाइनल मैच 15 जून रविवार को संध्या 4:30 बजे से खेला जाएगा ।

सुनहरा अवसर

पढ़ने- पढ़ाने वाले विद्यार्थी सह- शिक्षक सपने साकार करने के लिए रूपये 9 हजार प्रतिमाह से शुरू कर 45 हजार प्रतिमाह की गारंटी देता है



योग्यता : 12वीं पास, फेल से पीएचडी तक सभी आवेदन कर सकते हैं

-: संपर्क करें :-

इंजीनियर पी एल सुलाखे

राजनांदगांव, मो. 9425554092

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मो: 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com